# कोलकाता केंद्र में गणतंत्र दिवस समारोह

72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में एक समारोह का आयोजन किया गया। आरम्भ में केंद्र प्रभारी डॉ. सुनील कुमार 'सुमन' ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर और महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद तिरंगा झंडा





फहराया। राष्ट्रगान के उपरांत उन्होंने सभी को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. सुनील ने कहा कि दुनिया के सबसे लोकतंत्र वाले देश भारत में आज का दिन बेहद अहम है। आज का दिन सम्भव बनाने में हज़ारों-लाखों लोगों ने अपनी कुर्बानियाँ दीं। अतः हम सबकी यह ज़िम्मेदारी बनती है कि हम लोकतांत्रिक मूल्यों को मज़बूत करने और देश की एकताव अखंडता को अक्षुण्ण रखने में अपना योगदानदें। इसके लिए जरूरी है कि देश में समतामूलक समाज बनाने की दिशा में काम हो। डॉ. सुनील ने कहा कि अकादमिक जगत समाज में तार्किकता और वैज्ञानिकता स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है और इसी से सही मायनों में गणतन्त्र और संविधान की रक्षा हो सकती है। इस अवसर पर केंद्र कर्मी डॉ आलोक कुमार सिंह, सहायक संपादक राकेश श्रीमाल, सुखेन शिकारी, रीता

बैद्य, मीडिया प्राध्यापक डॉ ललित कुमार, युवा लेखक और शोधार्थी बृजेश प्रसाद, पत्रकार सुशील





पाण्डेय, पूजा साव, शास्वती मुखर्जी, विवेक साव, साक्षी कुमारी, नीतु कुमारी, बलबीर मोदी समेत नन्हीं मेहमान रोशनी उपस्थित रहे।